

20 रुपये के सैकड़ों करोड़ के सिक्के बाजार में

कैसे करें पहचान, दीपावली पर सावधान

BY - SUNIL VERMA SIR

The Indian Express

Are your 20 rupee coins real? How Police unravelled a multi-city counterfeit scam



It takes 3,50,00,000 twenty-rupee coins to make Rs 70 crore, and a counterfeit coin manufacturing racket operating out of Haryana, Delhi,...

6 hours ago

News Mobile

Haryana Police Bust Multi-State Fake Rs 20 Coin Racket, Seize Machinery



Saharanpur: Police have busted an alleged counterfeit coin manufacturing network operating across several states, arresting five men and...

5 hours ago

Rediff

How Delhi Police Uncovered A Major Fake Coin Operation



Delhi Police have busted a large-scale counterfeit Rs 20 coin manufacturing and supply racket, arresting four individuals including the...

1 day ago

Inshorts

Fake coin racket busted in Delhi, 50 pouches of ₹20 coins worth ₹1 lakh recovered | To know more | Inshorts

Delhi Police's Crime Branch busted a major counterfeit coin manufacturing and supply racket and recovered 50 pouches carrying 5000 fake ₹20...

23 hours ago

The New Indian Express

Delhi police bursts counterfeit coin manufacturing racket; four held



Police recovered fake Rs 20 coins with a total face value of around Rs one lakh from a car near Mundka Industrial Area Metro Station.

1 day ago

The Tribune

Delhi Police bust counterfeit coin racket, four held



The Delhi Police have busted an alleged counterfeit coin manufacturing and supply racket with the arrest of four people, including the...

1 day ago



AajTak

दिल्ली में ₹20 के नकली सिक्के बनाने वाले गैंग का पर्दाफाश, 1 लाख की खेप के साथ 4 गिरफ्तार

1 day ago

Jagran

20 रुपये के नकली सिक्के बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 70 हजार में बेचते थे 1 लाख के नकली काइ...



1 day ago

Jagran

20 रुपये के नकली सिक्के बनाने गिरोह का भंडाफोड़, मोहाली निवासी सरगना समेत चार गिरफ्तार



1 day ago

Amar Ujala

Delhi News: 20 रुपये के नकली सिक्कों का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



1 day ago

Amar Ujala

दिल्ली क्राइम ब्रांच का बड़ा खुलासा: 20 रुपये के नकली सिक्कों के साथ चार गिरफ्तार, एक लाख के जाली...



1 day ago

News18 Hindi

दिल्ली में नकली सिक्कों का बड़ा खेल! 20 रुपये के 5000 फर्जी सिक्के बरामद, सरगना समेत 4 अरेस्ट



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 20 रुपये के नकली सिक्के बनाने और उनकी सप्लाई...

1 day ago

ThePrint Hindi

दिल्ली में 20 रुपये के नकली सिक्के बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार



नयी दिल्ली, एक नवंबर (भाषा) दिल्ली पुलिस ने नकली सिक्के बनाने और उनकी आपूर्ति...

1 day ago

Jansatta

कहीं आपके पास भी तो नहीं नकली 20 रुपये का सिक्का? पुलिस ने ऐसे पकड़ा जालसाजों का नेटवर्क



देश के कई राज्यों में नकली 20 रुपये के सिक्कों का बड़ा खेल सामने आया है।

40 minutes ago

उत्तर प्रदेश पुलिस

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पुलिस द्वारा एक बड़े अंतर-राज्यीय **नकली सिक्का (Fake Coin)** रैकेट भंडाफोड़ किए गए है।





यह गिरोह **हरियाणा के सोनीपत** में एक स्कूड्राइवर बनाने की फैक्ट्री की आड़ में **नकली 20 रुपये** के सिक्के बना रहा था।



पुलिस ने छापेमारी कर **6 भारी मशीनों,** डाइ और **1.28 लाख रुपये** के तैयार नकली सिक्कों सहित कुल **6 मुख्य आरोपियों** को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों के अनुसार, उन्होंने बाजार में लगभग **₹70 करोड़** मूल्य के नकली सिक्के खपाए हैं।



नकली सिक्के कैसे बनाए जा रहे थे?



कच्चा माल: आरोपी दिल्ली की विभिन्न यूनिट्स से एल्युमिनियम, कॉपर और निकल के मिश्रण से बनी सिक्के के आकार की अंगूठियां और विशेष रूप से **20 रुपये** के सिक्कों की नकल करने वाली डाइ मंगवाते थे।





मशीनों का प्रयोग: भारी हाइड्रोलिक मशीनों और लोहे की डाइ का उपयोग करके इन अंगुठियों और आंतरिक भागों को दबाया जाता था।





फिनिशिंग (Finishing): इसके बाद सिक्कों को पॉलिश करने, चिकना करने और सटीक गोल आकार देने के लिए ग्राइंडिंग पत्थरों, पॉलिशिंग मशीनों और वर्नियर कैलिपर जैसे उपकरणों का उपयोग किया जाता था ताकि बे बिल्कुल असली जैसे दिखें।





वितरण नेटवर्क : तैयार सिक्कों को **100** के पैकेट (**200 रुपये** की कीमत वाले नकली सिक्के **160 रुपये में**) बिचौलियों के माध्यम से टोल प्लाजा, शराब की दुकानों और छोटे दुकानदारों के पास अनभिज्ञ युवाओं के जरिए बाजार में सर्कुलेट किया जाता था।



भारत में कितने नकली सिक्के बाजार में घूम रहे हैं?



इस रैकेट के सरगनाओ और आरोपियों के दावों के अनुसार, उन्होंने विभिन्न राज्यों (हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड) में कुल ₹70 करोड़ मूल्य के नकली सिक्के बाजार में उतारे हैं।





₹70 करोड़ बनाने के लिए लगभग साढ़े तीन करोड़ बीस रुपये के नकली सिक्कों की आवश्यकता होती है।



भारत में सिक्के कौन जारी करता है?




जारीकर्ता: भारत में सिक्के केवल **भारत सरकार (Ministry of Finance)** द्वारा जारी किए जाते हैं, न कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया **(RBI)** द्वारा। हालांकि, जनता के बीच इन्हें सर्कुलेट करने की जिम्मेदारी आरबीआई की होती है।





टकसाल (Mints): भारत सरकार के सिक्का निर्माण संयंत्र निम्नलिखित चार स्थानों पर स्थित हैं:

- मुंबई (महाराष्ट्र)
- कोलकाता (पश्चिम बंगाल)
- हैदराबाद (तेलंगाना)
- नोएडा (उत्तर प्रदेश)



सिक्का पहचान चिन्ह (Mint Marks):



भारत में बने सिक्कों की टकसाल का पता उनके सन के नीचे बने **निशानों** से लगाया जा सकता हैं:



मुंबई टकसाल:

डायमंड (♦) या 'B' या 'M' चिन्ह।



मुंबई टकसाल (♦ / B / M)

नोएडा टकसाल:

गोल बिंदु (●) चिन्ह।



नोएडा टकसाल (●)

हैदराबाद टकसाल:

स्टार (★) या डायमंड के अंदर बिंदु या 'H' चिन्ह।



हैदराबाद टकसाल (★ / ◈ / H)

कोलकाता टकसाल:

कोई चिन्ह नहीं (No Mint Mark)।



कोलकाता टकसाल (कोई चिन्ह नहीं)

सिक्का अधिनियम, 2011
(The Coinage Act, 2011)



यह अधिनियम भारत में सिक्कों के मुद्रण, **कानूनी निविदा (Legal Tender)** की स्थिति और उससे जुड़े अपराधों को नियंत्रित करता हैं।

सत्यमेव जयते



सिक्का निर्माण का अधिकार:

संविधान की **7**वीं अनुसूची की **संघ सूची (Union List)** की **प्रविष्टि (Entry) 36** के तहत **"मुद्रा, वैध निविदा और विदेशी मुद्रा"** केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। अत: सिक्के केवल केंद्र सरकार बना सकती हैं।

कानूनी निविदा की सीमा:

इस अधिनियम के बहत, **₹1** या उससे अधिक मूल्य के सिक्कों का उपयोग **₹1000 तक** के भुगतान के लिए **वैध कानूनी निविदा (Legal Tender)** के रुप में किया जा सकता हैं। **50 पैसे** तक के सिक्के केवल **₹10** तक के भुगतान के लिए वैध हैं।



अपराध और सजा:



- सिक्कों की अवैध ढलाई, नकली सिक्के बनाना, या सरकार की अनुमति के बिना सिक्का निर्माण करना **गंभीर अपराध** है।





- सिक्का अधिनियम, 2011 और भारतीय कानून के तहत नकली सिक्के बनाने या टकसाल से जुड़े षड्यंत्र में शामिल पाए जाने पर **10 साल तक की कैद और भारी जुर्माने** का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति किसी नकली सिक्के को **असली के रूप में चलाता** है या उसका व्यापार करता है, तो उसे भी कठोर दंड दिया जाता है।



असली और नकली ₹20 के सिक्के की पहचान करने के लिए

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के मानकों के अनुसार इन खास बातों का ध्यान रखें:

सिक्के का आकार (Shape):

असली ₹20 का सिक्का पूरी तरह से गोल नहीं होता।

यह **12 किनारों वाला बहुभुज (12-sided polygon)** होता है।



किनारे (Edges):

असली ₹20 के सिक्के के किनारों पर कोई धारियां नहीं होती हैं (यह प्लेन/सांदे होते हैं)।

नकली सिक्के के किनारे खुरदरे, असमान या उन पर अलग तरह की धारियां हो सकती हैं।



वजन और व्यास (Weight & Diameter):

₹20 के सिक्के का वजन लगभग **8.54 ग्राम** और व्यास **27 मिमी** होता हैं।
नकली सिक्के का वजन या तो कम होता है या फिर मानक से ज्यादा।





धातु और रंग (Bi-metaıiic Design):

यह एक **बायो-मेटेलिक** (दो धातुओं से बना) सिक्का होता है—जिसके बाहरी रिंग में निकल सिल्वर और अंदरूनी हिस्से में निकल ब्रास (तांबा, निकल और जस्ता) होता है। साइड से देखने पर सिल्वर और गोल्डन परत का जोड़ बिल्कुल साफ और सीमलेस दिखता है।



डिजाइन और उभार (Embossing):

असली सिक्के पर अशोक स्तंभ, सत्यमेव जयते, और **₹20 का** अंक बहुत साफ, गहरे और उभरे हुए होते हैं।
नकली सिक्कों पर फिनिशिंग धुंधली या टेढ़ी-मेढ़ी हो सकती हैं।



नकली मुद्रा के दुष्परिणाम



- **अनियंत्रित मुद्रास्फीति और क्रय-शक्ति में गिरावट:**
  अवैध मुद्रा से 'मनी सप्लाई' बढ़ती है और उत्पादन स्थिर रहने से पैसे का मूल्य गिर जाता है, जिससे महंगाई बैकाबू होती है।



- **मौद्रिक संप्रभुता को आघात और समानांतर अर्थव्यवस्था:**
  यह RBI की साख को चुनौती देकर 'समानांतर अर्थव्यवस्था' को बढ़ावा देती है, जिससे कर चोरी और भ्रष्टाचार फैलता हैं।



- **संगठित अपराध और आतंकबाद का वित्तपोषण:**
  इसें अवैध कमाई का उपयोग ड्रग्स तस्करी, अवैध हथियार और देश-विरोधी गतिविधियों (आतंकवाद) को फंड करने के लिए किया जाता है।



- **छोटे व्यापारियों का आर्थिक नुकसान और विश्वास का संकट:**
  समाज का सबसे कमजोर वर्ग इसका शिंकार बनता है। नकदी पर अविश्वास से वे व्यापारी भी पिसते हैं जो डिजिटल भुगतान में सक्षम नहीं हैं।

Thanks For Watching

Learn
Share
Grow
Together ♡

Better
Students
Brighter
Tomorrow

Follow us for more Updates

@RRESULTMITRAOFFICIAL

Join our Telegram

@SUNILVERMA_THEIASMENTOR

Follow on Instagram

Result Mitra

Subscribe Now

Stay Connected



